राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झालावाड़

जगमग हैल्पलाईन :– 07432–230645,
07432 –230646

फोन न. 07432–230403, फैक्स न. –230404
Email: dm-jha-rj@nic.in

कमांक–न्याय / 2018 / 7162

दिनांकः 17.12.2018

–: आदेश :–

पुलिस अधीक्षक झालावाड ने पत्र सं0 सीबी/विविध/झाला/18/39749–50 दिनांक 10.12.2018 से पुलिस थाना सुनेल के अभियोग सं0 149/18 धारा 3/25, आर्म्स एक्ट में अभियुक्त बालचन्द पिता मोहन लाल जाति पाटीदार उम्र 38साल निवासी बोलिया बुर्जग थाना सुनेल जिला झालावाड के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के अन्तर्गत धारा 39 के तहत अभियोजन स्वीकृति जारी करने हेतु मूल पत्रावली भिजवाई है।

प्रकरण इस प्रकार है कि दिनांक 01.0818 को श्री रामसिंह हैड कानि0 113 मय जाप्ता वास्ते गश्त ईलाका व चैकिग अवैध कार्य सिन्दूरिया तिराहे पर पहुंचा जहां मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक व्यक्ति सुनारी के कच्चे रास्ते से बोलिया बुर्जग आ रहा है, जिसके पास कोई अवैध हथियार हो सकता है। मुताबिक सूचना सांकेतिक स्थान पर हुपचने पर सुनारी के रास्ते से एक व्यक्ति बोलिया बुर्जग की तरफ आता दिखाई दिया जो पुलिस को बावर्दी देखकर भागने लगा। जिसको जाप्ते की मदद से रोका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बालचन्द पिता मोहन लाल जाति पाटीदार उम्र 38साल निवासी बोलिया बुर्जग थाना सुनेल जिला झालावाड बताया। जिसके पास अवैध वस्तु होने का संदेह होने पर तलाशी ली तो एक देशी कटटा 12 बोर लोहे का मिला। जिसको अपने कब्जे मे रखना या परिवहन करने के संबध मे अनुज्ञापत्र चाहा तो नही होना बताया। मौके पर विधि सम्मत कार्यवाही कर वापसी थाने पर अपराध स0 149/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजिबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

दौराने अनुसन्धान निरीक्षण घटना स्थल फरियादी व गवाहन के कथन लेखबद्व किये गये। अनसुंधान से अभियुक्त के विरूद्व 3/25 आर्म्स एक्ट का अपराध प्रमाणित पाया गया । उक्त जप्तशुदा एक देशी कटटा 12 बोर का आर्मोरर पुलिस लाईन द्वारा मेकेनिकल मुआयना करवाये जाने पर उन्होने अपनी रिपोर्ट मे एक देशी कटटा 12 बोर को फायर योग्य तथा फायर आर्म्स की जद मे आना बताया। अभियुक्त के पास अनुज्ञापत्र होना नही पाया गया।

प्रकरण में सहायक निदेशक अभियोजन झालावाड़ की राय ली गई। सहायक निदेशक अभियोजन ने अपनी राय में व्यक्त किया है कि अभियुक्त के विरूद्व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अपराध के लिए धारा 39 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोजन स्वीकृति जारी करने के प्रथम दृष्टया आधार पुष्ट होते है।

प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्री राम सिंह एचसी 113 व आरर्मोरर पुलिस लाईन श्री यशवत सिंह उपस्थित हुए। मेरे द्वारा सीलड देशी कटटा 12 बोर को खुलवाकर भौतिक निरीक्षण किया गया एवं पुनः आर्मोरर की सील से सीलड करवाया गया। जब्ती रिपोर्ट एवं आर्मोरर (Armourer) रिपोर्ट का गहनता से अध्ययन किया गया। केस डायरी में उपलब्ध समस्त रेकार्ड, आर्मोरर (Armourer) की स्पष्ट रिपोर्ट, तथा सहायक निदेशक अभियोजन की राय से सहमत होकर एंव अपने न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग करते हुए प्रस्तुत प्रकरण आगे अभियोग चलाये जाने योग्य मानते हुए आर्म्स एक्ट 1959 की धारा 39 में प्रदत्त शक्तियों के तहत अभियोजन स्वीकृति के पर्याप्त आधार होने के कारण अभियुक्त बालचन्द पिता मोहन लाल जाति पाटीदार उम्र 38 साल निवासी बोलिया बुर्जग थाना सुनेल जिला झालावाड के विरूद्व आर्म्स एक्ट 1959 की धारा 3/25 के अन्तर्गत अभियोजन चलाये जाने हेतु धारा 39 के तहत अभियोजन स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

(डॉ0 जितेन्द्र कुमार सोनी)
जिला मजिस्ट्रेट,
झालावाड